हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

ढेंगुरनाला एवं बेलगरी पुल पर आज सुबह 8 से शाम 4 बजे तक वाहनों पर प्रतिबंध

कोरबा। ढेंगुरनाला एवं बेलगरी पुल पर राइडिंग सरफेस को समतल करने के लिए डामरीकरण कार्य किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान लोक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 18 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक दोनों पुलों पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन अस्थायी रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम, 1994 के नियम 215 के तहत जारी आदेश तत्काल प्रभावशील है। ज्ञात हो कि बेलगरीनाला पुल और ढेंगुरनाला पुल जर्जर हो चुके हैं। दर्री से बालको जाने वाले बेलगरीनाला पुल पर और रिस्दा से रिस्दी जाने वाले ढेंगुरनाला पुल भी लंबे समय से जर्जर बना हुआ है।

परसाभाटा साप्ताहिक बाजार की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन की अनदेखी



कोरबा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कॉमरेड पवन कुमार वर्मा ने कहा कि बालको स्थित परसाभाटा साप्ताहिक बाजार की स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। बाजार में लगी गुमटियों के शेड पूरी तरह से उखड़ चुके हैं और जगह-जगह से टूट-फूट गए हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पिछले 2 वर्षों से लगातार धरना-प्रदर्शन के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है, इसके बावजूद आज तक एक भी गुमटी पर नया शेड नहीं लगाया गया है, जो कि प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। वर्तमान स्थिति इतनी खतरनाक हो चुकी है कि टूटे हुए शेड के लोहे के टुकड़े कभी भी उखड़कर किसी राहगीर या दुकानदार पर गिर सकते हैं, जिससे बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। यहाँ के दुकानदारों का कहना है कि वे नगर प्रशासन को नियमित रूप से अपना टैक्स अदा कर रहे हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन्हें कुछ भी प्राप्त नहीं हो रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला प्रशासन से मांग करती है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए परसाभाटा साप्ताहिक बाजार की सभी गुमटियों के शेड का तत्काल निर्माण कराया जाए और दुकानदारों व आम जनता को सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

संरक्षा संगोष्ठी में सर्तकता एवं सजगता के साथ कार्य करने की दी सलाह



कोरबा। मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में बेहतर सजगता एवं संरक्षा के साथ कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने हेतु 16 अक्टूबर को संरक्षा अधिकारी दिपक ठाकुर के निर्देशन, मंडल संरक्षा अधिकारी सीएमपी बेक एवं क्षेत्रीय रेल प्रबंधक उत्कर्ष गौरव की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, एसएसई, जेई, डीटीआई, सीएलआई, लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, पाइंटमैन, गेटमैन, टेक्निशियन, गेंगमैन, कमरसियल क्लर्क, आरपीएफ सहित सभी विभागों के रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में दुर्घटनाओं के संभावित कारणों पर चर्चा कि गई तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस के साथ ही स्पेड, वर्कसाइट प्रोटेक्शन, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, लोड स्टेबलिंग, इंटरलॉक तथा नान-इंटरलॉक प्वाइंट पर शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ओएचई इसोलेटर-ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, स्पेड प्रीकॉशन, आपदा प्रबंधन भी चर्चा की गई। इसके अलावा सिविल डिफेन्स के एमके एस चौहान द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार करने का प्रशिक्षण दिया गया। संगोष्ठी में मुख्य, मंडल संरक्षा अधिकारी सीएमपी बेक एवं क्षेत्रीय रेल प्रबंधक उत्कर्ष गौरव द्वारा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करने की सलाह दी गई। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को कार्य के दौरान शार्टकट विधि नहीं अपनाने।







दुर्गा पूजा पंडाल में बनी गिलहरी की झांकी।

शारदीय नवरात्रि की धूम, आकर्षक पंडाल और झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

झांकी में नजर आया रामसेतु निर्माण और गिलहरी को श्रीराम का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में शारदीय नवरात्रि का पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। नगर के 9 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। गायत्री मंदिर के समीप स्थापित आकर्षक पंडाल और मनमोहक झांकियां लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। सप्तमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।

खास बात

- गायत्री दुर्गोत्सव समिति के आयोजन का यह है 27 वर्ष

गायत्री गणेशोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष 27वीं बार पंडाल का निर्माण कराया गया है। समिति हर वर्ष आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। इस बार झांकी में राम सेतु निर्माण और गिलहरी पर प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद की थीम को विशेष रूप से दर्शाया गया है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।



मां दुर्गा की प्रतिमा।

दिनभर पंडाल में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन शाम होते ही कटघोरा नगर के मुख्य मार्गों पर भीड़ और बढ़ जाती है। बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित मां दुर्गा के दर्शन करने और आकर्षक झांकियों को देखने पहुंच रहे हैं। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान बढ़ती भीड़ और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कटघोरा पुलिस प्रशासन की मांग पर प्रशासन ने 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक नहर मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर नो-एंट्री लागू की है। इस व्यवस्था का उद्देश्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात को सुचारु बनाए रखना और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव करना है। नवरात्रि के दौरान उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कटघोरा पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है। पुलिसकर्मी पंडाल परिसर में तैनात रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं। प्रशासन और पुलिस की निगरानी के बीच नगर में नवरात्रि का पर्व श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

सप्तमीं पर हुई कालरात्रि की पूजा, आज अष्टमी पर होगा कन्याभोज व अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार को शारदीय नवरात्री के सप्तमी तिथि पर मां के कालरात्रि रुप की पूजा अर्चना की गई। नवरात्र पर्व पर पंचमी के बाद सप्तमी और अष्ठमी का विशेष महत्व रहता है। जो आज देवी मंदिरों में भक्तों के भीड़ के साथ नजर आया। मां सर्वमंगला मंदिर के दरबार से लेकर पहाड़ों में विराजे कोसगाई दाई, मां मड़वारानी और चैतुरगढ़ की महिषासुर मर्दनी के दरबार में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। रविवार को अष्ठमी के अवसर पर सभी मंदिरों में कन्या भोज के साथ हवन और अनुष्ठान का दौर चलेगा।

खास बातें

- देवी मंदिरों में सुबह से ही लगी री दर्शनार्थियों की भीड़
- सर्वमंगला, कोसगाई, चैतुरगढ़, मड़वारानी में दिखा भक्ति का सैलाब



सर्वमंगला मंदिर दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

सप्तमी के अवसर देवी पंडालों में भी भक्तों की भीड़ नजर आयी। कई पंडालों में पंचमी से ही मां की प्रतिमा की स्थापना की गई। वहीं कुछ पंडालों में सप्तमी की तिथि से मां की प्रतिमा स्थापित श्रद्धा भाव से की गई। रविशंकर नगर और उपनगरीय क्षेत्र में सप्तमी तिथि के अवसर पर प्रतिमा की स्थापना दोपहर बाद की गई। बांकीमोंगरा, दीपका, दर्री बालको में भी कुछ पंडालों में दोपहर बाद प्रतिमा स्थापित की गई। हालांकि अनेक दुर्गा पंडालों में पंचमी से ही दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी। वहीं देवी मंदिरों में पंचमी की तिथि से भक्तों की भीड़ लगने लगी थी। सप्तमी में यह भीड़ का नजारा मां सर्वमंगला मंदिर में लंबी लाईन के रुप में नजर आया। भक्ति की यहीं स्थिति मड़वारानी और कोसगाई के पहाड़ी दरबार में नजर आयी। जहां माता के पूजा अर्चना करने के साथ भोग भंडारे में अनवरत चलते रहे।

सिद्धिदात्री हिंगलाजगढ़ में नवरात्र पर अनुष्ठान



आश्विन नवरात्र पर कोरबा जिले के दूरस्थ देवपहरी के सिद्धिदात्री देवी मंदिर और हिंगलाजगढ़ में मां भगवती की पूजा आराधना भक्ति भाव के साथ की जा रही है। वेद मंत्र और आरती से इस परिसर का वातावरण नवरात्र पर विशेष हो गया है। हिंगलाजगढ़ की प्रतीकात्मक और देश के पांच सिद्ध शक्तिपीठ की अखंड ज्योति यहां पर पिछले नवरात्र से प्रज्वलित है। इसका दर्शन करने के लिए भी श्रद्धालु लगातार देवपहरी पहुंच रहे हैं। देवी की भक्ति और साधना से संबंधित अनुष्ठान में क्षेत्र के ग्रामीण और मातृशक्ति का सहयोग मिल रहा है। गोमुखी सेवा धाम परिसर के पास ही संचालित आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी इस नवरात्र में समर्पण भाव से अपने आप को व्यस्त कर रखा है। नवरात्र की षष्ठी तिथि को सिद्धिदात्री देवी के दरबार में पहुंचकर भक्तों ने पूजन अर्चन करने के साथ शक्तिपीठों की ज्योति के दर्शन किए। इस अवसर पर इस अवसर पर गोपाल अग्रवाल, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, कैलाश नाहक, हरजीत सिंह भाटिया, मणि शंकर तिवारी, राम किशोर श्रीवास्तव, डॉ देवाशीष मिश्रा, श्रीमती शशि ठाकुर, श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव, श्रीमती जगजीत भाटिया, सविता गर्ग, सुनीता गर्ग, अंजलि ठक्कर उपस्थित रहे।

एकल्व्य विद्यालय के 25 छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन



चयनित खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के खिलाड़ियों ने क्लस्टर खेल प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 25 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय खेलों के लिए हुआ है। मैदान से लेकर योग मैट तक, हर जगह छुरीकला के खिलाड़ियों का जोश और अनुशासन देखने लायक था। एथलेटिक्स में 2 सौ मीटर दौड़ में आयुष ने दम दिखाया, जबकि 4 गुना 400 मीटर रिले में साहिल, अमन, आयुष कंवर और आयुष की टीम ने शानदार तालमेल का नमूना पेश किया। वॉलीबॉल में रीनू, अनुराधा, अनीशा, नेहा, हंसी और रूपा की टीम उतरी। बास्केटबॉल में बालिका वर्ग से आस्था, अंशु, श्रेया, सम्भावी और रूपा तथा बालक वर्ग से श्रेयश, देवव्रत, अमित, राहुल और लवकेश ने कोर्ट पर अपनी छाप छोड़ी। खो-खो में हंसनी, प्रभा, अंजलि, ललिमा, रिया, मानसी, सुजाता, रीनू, निशा और अनीशा ने फुर्ती और रणनीति का परिचय दिया। कबड्डी में विकास, युवराज, हिमांशु, साहिल, मनीष, अमन और शिवम की टीम ने दमखम दिखाया। शतरंज में नारद ने अपनी चालों से दिमागी कौशल का प्रदर्शन किया। योग प्रतियोगिता में भी विद्यालय की प्रतिभाएं छाई रहीं। पारंपरिक वर्ग में अलका, स्नेहा और आर्यन ने भाग लिया। आर्टिस्टिक पेयर में अलका-विधि और मोनाक्षी-स्नेहा की जोड़ियां उतरीं, जबकि आर्टिस्टिक सिंगल में विधि और दिव्या ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

डीएसपीएम की मालगाड़ी का एक्सल टूटा, दो दिन तक प्रभावित रहा ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम संयंत्र की कोयला आपूर्ति में उपयोग होने वाली 12 वैगन की मालगाड़ी का इंजन एक्सल टूटने से दो दिनों तक रेल ट्रैक प्रभावित रही। रेलवे स्टेशन के मानिकपुर साइडिंग-2 से कोयला लोड लेकर प्लांट की ओर जा रही मालगाड़ी के इंजन में यह तकनीकी खराबी आई। हालांकि कम गति के कारण बड़ा हादसा टल गया और इंजन के अलावा किसी अन्य हिस्से को नुकसान नहीं पहुंचा। सीएसईबी प्रबंधन द्वारा मरम्मत कार्य पूरा किए जाने के बाद स्थिति सामान्य हो गई है।

खास बात

- कोयला डिस्पैच में आई कमी

जानकारी के अनुसार, घटना दो दिन पूर्व उस समय हुई, जब मालगाड़ी कोयला लेकर प्लांट की ओर जा रही थी। मालगाड़ी को चलाने के लिए सीएसईबी प्रबंधन डबल इंजन का उपयोग करता है। प्रत्यक्षदर्शी ट्रैकमैन के मुताबिक, मालगाड़ी लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। यार्ड से आगे बढ़ते ही अचानक तेज आवाज हुई और मालगाड़ी रुक गई। इसके बाद लोको पायलट ने नीचे उतरकर मौके का निरीक्षण किया। जांच में इंजन के पिछले पहिए के पास लगा एक्सल टूटा हुआ पाया गया। इसके कारण इंजन का पहिया पटरी पर फंस गया और मालगाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी। घटना के बाद ट्रैक पर परिचालन प्रभावित हुआ। रेलवे से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार, संबंधित मालगाड़ी और घटना वाला ट्रैक दोनों सीएसईबी प्रबंधन के अधीन हैं। ऐसे में इंजन की मरम्मत की जिम्मेदारी भी सीएसईबी प्रबंधन की थी। टूटे हुए एक्सल को बदलने और इंजन को दुरुस्त करने में तकनीकी कर्मचारियों को करीब ढाई दिन लगे। इस दौरान ट्रैक प्रभावित रहने से कोयला डिस्पैच की प्रक्रिया पर भी असर पड़ा।



घटना स्थल पर खड़ी मालगाड़ी।

संयंत्र के परिचालन में नहीं आया बाधा

डीएसपीएम के मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने बताया कि संयंत्र में कोयले का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मालगाड़ी के इंजन का एक्सल टूटने की सूचना मिलने के बाद मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया था, जिसे पूरा कर लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अवधि में भी प्लांट में कोयले की आपूर्ति सुचारू बनी रही और बिजली उत्पादन तथा संयंत्र के परिचालन में कोई बाधा नहीं आई।

बताया गया कि सामान्य स्थिति में जहां प्रतिदिन आठ रैक कोयले का डिस्पैच किया जाता है, वहीं प्रभावित अवधि में छह रैक ही भेजे जा सके। हालांकि, इस तकनीकी खराबी का बिजली संयंत्र के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

पोषण, शिक्षा और संस्कार निर्माण में आंबा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका : लखनलाल



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सम्मानित करते उद्योग मंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के प्रारंभिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परिवार अपने छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजते हैं, जहां उन्हें पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और अच्छे संस्कार मिलते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ गर्भवती महिलाओं एवं माताओं की देखभाल में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएसईबी स्थित शासकीय आवास में सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने 430 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले में अधोसंरचना विकास को गति देने के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास मद (डीएमएफ) के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर स्थिति में सुधार के लिए भी आवश्यक कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क डामरीकरण कार्य के लिए 18 अक्टूबर को भूमिपूजन प्रस्तावित है, जिससे आवागमन को और सुगम बनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 11 सौ करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। क्षेत्र में सड़क, अधोसंरचना और आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास सहित विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम को गोपाल मोदी, नरेंद्र देवांगन ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शासन की योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, गर्भवती महिलाओं की देखभाल तथा कुपोषण की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान देती हैं।

हेल्थ प्लस

विश्व ट्रॉमा दिवस पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में जन-जागरूकता सेमिनार

कोरबा। विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में आम जनता को दुर्घटनाओं से बचाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य ट्रॉमा की मूलभूत जानकारी, दुर्घटनाओं की रोकथाम, समय पर उपचार, प्राथमिक उपचार तथा दुर्घटना के समय आम नागरिकों के उचित व्यवहार के बारे में लोगों को शिक्षित करना था।सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. शतदल नाथ, डायरेक्टर, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एवं ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सर्जन ने बताया कि ट्रॉमा केवल सड़क दुर्घटनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ऊँचाई से गिरना, औद्योगिक दुर्घटनाएँ, सिर एवं रीढ़ की चोट, हड्डियों का टूटना तथा अन्य गंभीर शारीरिक चोटें भी इसके अंतर्गत आती हैं। समय पर सही उपचार न मिलने पर ऐसी चोटें जानलेवा हो सकती हैं या व्यक्ति को स्थायी दिव्यांगता का सामना करना पड़ सकता है। डॉ. नाथ ने विशेष रूप से गोल्डन आवर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद शुरुआती समय में उचित चिकित्सा उपलब्ध कराना घायल व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। गंभीर रक्तस्राव, सिर की चोट, छाती की चोट तथा फ्रैक्चर के मामलों में बिना अनावश्यक देरी के चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोल्डन आवर का अर्थ उपचार में देरी करने की समय-सीमा नहीं, बल्कि यथाशीघ्र उचित उपचार सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। सेमिनार में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) के महत्व पर भी विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति बेहोश हो और सामान्य रूप से साँस नहीं ले रहा हो, तो तुरंत आपातकालीन सहायता बुलानी चाहिए तथा प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति को सीपीआर शुरू करना चाहिए। समय पर सीपीआर और आवश्यकता के अनुसार एईडी का उपयोग हृदय गति रुकने की स्थिति में जीवन बचाने की संभावना बढ़ा सकता है।





तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

सड़क पर ट्रेलर खड़ा कर आवागमन बाधित करने वाले चालकों पर गिरी गाज





खबर संक्षेप

साइबर सुरक्षा और करियर काउंसलिंग में मिलेगी जानकारी

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को साइबर सुरक्षा और करियर काउंसलिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार रामपुर में आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

हाई स्कूल पोलमी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

कोरबा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस, हाई स्कूल पोलमी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में मताधिकार की भूमिका तथा प्रत्येक नागरिक के मतदान करने के दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन या दबाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से करना चाहिए। जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में श्रीमती एस कश्यप प्राचार्य, श्रीमती एसके कुर्रे, श्रीमती राखी राय, श्रीमती आरपी धीरेंद्र, जेके सागर एवं ओपी तिवारी जेएस मरावी, नीरज पटेल मुकेश, सत्या सहित विद्यालय के छात्र -छात्राये उपस्थित रहें।

हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने निकाली सड़क सुरक्षा पर रैली



हरदीबाजार। बोईदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर सड़क सुरक्षा पर विविध कार्यक्रम भाषण चित्रकला नारा स्लोगन के साथ विशेष रैली निकाली। जिसका प्रमुख उद्देश्य है सड़क में चलने वाले समस्त राहगीर सुरक्षित चलें इस हेतु यातायात नियमों को अक्षर सह पालन करने हेतु एवं हो रहे लगातार दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन लगातार विद्यालय में किया जा रहा है। विद्यालय के समस्त छात्रों को जागरुक करते हुए सड़क में चलने वाले राहगीरों को भी हेलमेट की उपयोगिता एवं शासन द्वारा निर्देशित यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइए दिया गया। रैली में लखनलाल बंजारे, वीरेंद्र कुर्रे, राजेन्द्र कुमार नायक, देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, भारती सिंह तोमर, जितेंद्र कुमार नेटी, निहारिका इमानुएल, परमेश्वर राव मराठा, सेत कुमार सांड, भाग्यश्री पांडेय, गौरव कुमार सिंह, शिवनारायण जगत, राजेंद्र कुमार कौशिल, रजनीश कुमार पाटनवार, किरण जांगड़े, श्यामा मरावी, पुष्पेंद्र कुमार कंवर उपस्थित रहे।

कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वीडीए में हुई बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीवाली से पहले महंगाई भत्ता मिलने की खबर से खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों में हर्ष व्याप्त है। डेली वेजेज यानी दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले ठेका श्रमिकों के लिए वीडीए यानी वेरिएबल महंगाई भत्ते की नई दरें जारी कर दी है। इससे श्रमिकों की दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी हुई है। अब अलग-अलग श्रेणियों के श्रमिकों को मूल मजदूरी और महंगाई भत्ता मिलाकर प्रतिदिन 1341 रुपये से 1443 रुपये तक मिलेंगे। हर दिन उन्हें 165 से 177 रुपये मिलेगा।

कोल इंडिया मुख्यालय की ओर से जारी कार्यालय आदेश के मुताबिक, नई दरें 1 अक्टूबर से लागू हो चुकी है और 31 मार्च तक प्रभावी रहेंगी। ये बदलाव कोल इंडिया की सभी कंपनियों में खनन कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों पर लागू होंगे। नई दरों के तहत श्रमिकों की दैनिक मजदूरी उनकी श्रेणी के हिसाब से तय की गई है। इसमें मूल मजदूरी और परिवर्तनशील महंगाई भत्ता दोनों शामिल हैं। इस फैसले के बाद उच्च कुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों को सबसे ज्यादा 1443 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे वहीं अकुशल श्रमिकों की कुल दैनिक मजदूरी 1341 रुपये होगी। कोल इंडिया ने महंगाई भत्ते की नई दरें केंद्र सरकार के मुख्य श्रम आयुक्त के उस आदेश के आधार पर तय की है, जिसमें वीडीए बढ़ाया गया था। कार्यालय आदेश के मुताबिक, औद्योगिक श्रमिकों का औसत मूल्य सूचकांक 30 जून को 424.80 था, जो बढ़कर 431.42 हो गया। इसी बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए ठेका श्रमिकों के महंगाई भत्ते की नई दरें तय की गई हैं, ये संशोधन कोल इंडिया और ठेकेदारों के बीच गठित संयुक्त समिति की 9 अगस्त 2023 की सिफारिश के तहत किया गया है। इस फैसले का लाभ कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में खनन कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों को मिलेगा। कंपनी के मुताबिक, करीब 1 लाख श्रमिक इस दायरे में आते हैं।

ठेका श्रमिकों को दीवाली से पहले बोनस

खास बातें

- बोनस के बाद वेतन बढ़ोत्तरी और अब वीडीए का भी मिला तोहफा



दीवाली से पहले श्रमिकों को राहत

महंगाई के बीच दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी से कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों की कमाई बढ़ेगी। हालांकि, वास्तविक मासिक कमाई इस बात पर निर्भर करेगी कि श्रमिक ने महीने में कितने दिन काम किया है और उस पर कौन-सी श्रेणी लागू होती है। करीब 1 लाख ठेका श्रमिकों के लिए वीडीए की नई दरें लागू होने से उनकी मजदूरी बढ़ गई है।

अब तक विभाग ने 25 किसान उत्पादक संगठन किए हैं तैयार

किसान उत्पादक संगठन नहीं हो रहे हैं तैयार, विभाग को मिली थी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में तमाम कवायद के बाद भी किसान उत्पादन संगठन तैयार नहीं हो पा रहे हैं। स्वयं सेवी संस्थाओं के भरोसे किसान उत्पादन संगठन जैसी योजनाएं संचालित हो रही है जबकि कृषि विभाग को संगठन तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग के ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारियों को इसके लिए गांव गांव बैठक लेकर किसानों का संगठन तैयार करना था। कागज में यह संगठन जरुर तैयार हो गए हैं लेकिन हकीकत में इन संगठनों की जानकारी पंचायत को भी नहीं है।

खास बात

- किसानों को उनकी फसल का लाभ दिलाने के लिए तैयार करना था संगठन

जिले के ग्रामीण अंचलों में किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत दिलाने के उद्देश्य से किसान उत्पादन संगठन तैयार करने के लिए राज्य शासन से निर्देश थे। उक्त निर्देश के तहत कृषि विभाग को अपने मैदानी अमले के माध्यम से संगठन तैयार करना था। विभाग के मैदानी अमले के द्वारा प्रगतिशील किसानों को जोड़कर यह संगठन जरुर तैयार कर लिया गया है लेकिन वह भी कागजों पर नजर आ रहा है। जबकि संगठन में इस बात का प्रावधान है कि किसानों को उनकी फसल का उचित कीमत और मार्केट मिल सके। इसके लिए दुकान भी तैयार करनी थी जहां किसान अपनी फसल लाकर संगठन को बेच सके और उन्हें बाजार की कीमत मिल सके लेकिन ब्लॉक मुख्यालय में या उससे लगी हुई गांव में ऐसे ना तो संगठन नजर आते हैं और ना ही ऐसी कोई दुकान नजर आती है जहां किसान अपनी फसल बेच सके। जबकि कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां बीते वर्ष की तुलना में सब्जी का उत्पादन भी बढ़ा है। कुछ क्षेत्र तो सब्जी उत्पादन के नाम पर अपनी पहचान बनाते जा रहे हैं। उसके बावजूद गांव में ही किसान उत्पादक संगठन तैयार नहीं होना कहीं ना कहीं विभागीय लापरवाही की ओर इंगित करता है।


फाइल फोटो

कृषि उपज मंडी भी नहीं हो सकी साकार

खरमोरा क्षेत्र में कृषि उपज मंडी के नाम से एक बड़ी जगह का चयन कर कृषि उपज मंडी तैयार की गई थी। आज लगभग 10 वर्ष होने जा रहे हैं कृषि उपज मंडी विरान पड़ी हुई है। जबकि कृषि उपज मंडी तक पहुंचने के लिए नकटीखार दादर से मुख्य सड़क भी तैयार हो सकी है। उसके बावजूद मंडी बोर्ड और जिला प्रशासन करोड़ों रुपए की लागत से बनी कृषि उपज मंडी को उसके अस्तित्व में नहीं ला सका है। कुछ वर्ष पूर्व धान खरीदी के रुप में कृषि उपज मंडी का उपयोग जरुर किया गया था।

कोचिये रहते हैं सक्रिय

ग्रामीण अंचलों से आने वाले सब्जी को किसानों से रास्ते में ही अन्य प्रांत के कोचियों के द्वारा जबरजस्ती खरीदकर बाजारों में उंची कीमत पर बेचा जा रहा है। दूरस्थ ग्रामीण अंचल से आने वाले किसान अपनी फसल सीधे बाजार तक भी नहीं पहुंचा पाते हैं। एक सिंडीकेट बनाकर कोचिये अपना अपना क्षेत्र बांट लिए हैं और वहां से फसल को खरीदकर बाजार में मनमानी दामों पर बेचने लगे हैं। यही कारण है कि उपभोक्ता को महंगी सब्जी मिल रही है उधर किसान को उसकी सब्जी फसल की कीमत नहीं मिल रही है।

राधेय विद्यापीठ स्कूल में कन्या भोज का हुआ आयोजन

दीपका। राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल, झाबर में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कन्या भोज एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल की नन्हीं छात्राओं को नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में आमंत्रित कर पूरे विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों द्वारा माँ दुर्गा के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और आरती के साथ हुई। इसके बाद, परिसर में उपस्थित सभी छोटी बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर आदरपूर्वक उनके पैर पखारे, माथे पर कुमकुम का तिलक लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के उपरांत सभी कन्याओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर पूरी श्रद्धा के साथ पूरी, हलवा और चने का महाप्रसाद परोसा गया। भोजन के पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से सभी बालिकाओं को उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

हाथी के हमले से घायल ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मण्डल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत खोड़री बिट में ग्राम पंचायत खोड़री निवासी प्रताप सिंह वाकरे हाथियों को खदेड़ने के दौरान एक दंतैल हाथी के हमला करने से गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान प्रताप सिंह वाकरे की मौत हो गई।

खास बात

- कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र का मामला


पीड़िता को सहायता राशि देते वन विभाग के अधिकारी।

जानकारी के अनुसार पसान वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन हाथियों के झुंड ने क्षेत्र के किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बीती रात लगभग 11 बजे चार से पांच हाथियों का झुंड विचरण कर रहा था। इस दौरान प्रताप सिंह व अन्य ग्रामीण हाथियों को मशाल लेकर खदेड़ने पहुंचे थे, इसी दौरान हाथी ने हमला कर दिया। हमले में प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम कटरी गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए बिलासपुर अस्पताल रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने प्राथमिक सहायता के रूप में राशि प्रदान कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हाथी लगातार इलाके में विचरण कर रहे थे, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो गई। वन विभाग द्वारा लोगों से लगातार अपील की जा रही थी कि वे हाथियों को न छेड़ें और भीड़-भाड़ इकट्ठा ना करें। हालांकि आम नागरिकों द्वारा इन अपीलों को गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रताप सिंह वाकरे पर हुए हमले की घटना के बाद इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। वन विभाग की ओर से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में शहर के 19 प्रमुख मार्गों के डामरीकरण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सड़क अधोसंरचना को मजबूत बनाने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में शहर के 19 प्रमुख मार्गों के डामरीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।


लखनलाल देवांगन

भूमिपूजन कार्यक्रम दोपहर 2 बजे कोसाबाड़ी चौक के समीप आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, नगर निगम के समस्त एमआईसी सदस्य, पार्षद एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के प्रयासों से शहर के प्रमुख मार्गों के डामरीकरण के लिए राशि की स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। अब 15 अक्टूबर के बाद मानसून सीजन समाप्त होने के साथ ही सड़क डामरीकरण के कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन कार्यों के पूरा होने से शहरवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, आवागमन अधिक सुगम होगा तथा शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। शहर के विकास को गति देने के क्रम में कुछ दिन पूर्व ही सुनालिया अंडरब्रिज निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया था। कोरबा शहर में सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।



आदर्श नगर लोटनापारा में जसगीत का हुआ आयोजन

कोरबा। आदर्श नगर लोटनापारा स्थित माँ दुर्गा पंडाल में पहुँची ग्राम पंचायत झांझ जसगीत पार्टी ने भक्तिमय वातावरण में माँ दुर्गा की महिमा और गाथा का सुंदर ढंग से वर्णन किया। जसगीत पार्टी द्वारा झांझ की मधुर धुनों एवं भक्तिमय गीतों के माध्यम से माता रानी की आराधना की गई, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान पंडाल में भक्तिमय माहौल बना रहा। जसगीत पार्टी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और माँ दुर्गा के प्रति आस्था एवं भक्ति का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने माता रानी के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं ने जसगीत पार्टी का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम ने क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आपसी सद्भाव को और मजबूत किया।



खबर संक्षेप



शिक्षक के सम्मान से छात्राओं का सपना हुआ साकार

पंतोरा। संकुल केन्द्र-पंतोरा में विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पंतोरा के सहायक शिक्षक राजेन्द्र कुमार कंवर को संकुल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर का सबसे भावुक और यादगार पहलू कन्या आश्रम पंतोरा की उन बेटियों के चेहरे पर झलकती खुशी थी, जिनका सपना था कि वे अपने शिक्षक को सम्मानित होते हुए अपनी आँखों से देखें और उनके साथ मंच साझा करने का गौरव प्राप्त करें। संयोग से उनकी यह इच्छा साकार हुई। अपने शिक्षक को सम्मान प्राप्त करते देख बच्चियों के चेहरे खुशी, गर्व और आत्मीयता से खिल उठे। यह सम्मान केवल एक शिक्षक की उपलब्धि नहीं, बल्कि गुरु और शिष्य के अटूट विश्वास, स्नेह और समर्पण का प्रतीक बन गया। बेटियों के लिए यह क्षण इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि उन्होंने अपने शिक्षक की मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण को सम्मान के रूप में साकार होते देखा। राजेन्द्र कुमार कंवर का यह सम्मान बेटियों के सपनों, शिक्षक के समर्पण और शिक्षा की शक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण है। यह पल लंबे समय तक कन्या आश्रम पंतोरा की बेटियों की स्मृतियों में संजोया रहेगा।

नगौई बछेरा में दुर्गा माता दर्शन एवं नवनिर्मित शेड का लोकार्पण



बिंझरा। ग्राम नागौई बछेरा में दुर्गा माता दर्शन एवं शेड निर्माण के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने दुर्गा माता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पवन कुमार सिंह ने ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नवनिर्मित शेड के लोकार्पण से धार्मिक आयोजनों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। यह निर्माण कार्य ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होगा तथा भविष्य में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहायक बनेगा। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच ज्योति भूषण, संतलाल पटेल, नंदू पटेल, विष्णु यादव और ग्राम के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अग्रवाल सभा के कार्यक्रम में दंपति ने मरणोपरांत देहदान का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री जमनीपाली अग्रवाल सभा के अध्यक्ष ने की घोषणा



दर्री जमनीपाली अग्रवाल सभा के जयंती कार्यक्रम के दौरान एक दंपति ने मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प लिया है। 11 अक्टूबर रविवार को अग्रसेन जयंती के पावन पर्व के अवसर पर दर्री जमनीपाली अग्रवाल सभा के वरिष्ठ सदस्य द्वारिका शर्मा 73 वर्ष ने सपत्नि श्रीमती आशा देवी शर्मा 68 वर्ष ने मरणोपरांत देहदान करने संकल्प लिया।

द्वारिका शर्मा एवं श्रीमती आशा देवी शर्मा के इस महादान को लेकर अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली के संरक्षक प्रेमकुमार अग्रवाल ने समाज कल्याण की दिशा में बेहतरीन कदम बताया सभा के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल ने शर्मा दंपती को मंच पर आमंत्रित किया और मुख्य अतिथि गिरधर गुप्ता, सुशील अग्रवाल एवं राकेश कुमार अग्रवाल का स्वागत किया। मुख्य अतिथि गिरधर गुप्ता ने अपने प्रतिक्रिया में कहा कि आपका यह निर्णय साधारण नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। शरीर नश्वर है, लेकिन आपका यह संकल्प और विचार अमर रहेगा। आपके इस कदम से ना सिर्फ मेडिकल छात्रों को शोध में मदद मिलेगी, बल्कि आने वाले समय में कितनों का जीवन संवर सकेगा। हम आपके इस निस्वार्थ भाव और साहस को बारंबार नमन और साधुवाद देते हैं। सुशील अग्रवाल ने साधुवाद देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपरा में शरीर को लेकर एक मोह होता है लेकिन मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेना यह दर्शाता है कि व्यक्ति ने देह के प्रति मोह से ऊपर उठकर परमार्थ को चुना है। हमारी सनातन संस्कृति में सदैव समाज और राष्ट्र को सर्वोपरि माना गया है। यह निर्णय लेना साधारण बात नहीं है। जब कोई व्यक्ति समाज के हित में ऐसा साहसिक कदम उठाता है, तो वह पूरे समाज के लिए एक मार्गदर्शक और दीपस्तंभ बन जाता है। आपका यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

दो दिनों में 7 ट्रेलर वाहन जप्त, 7 आरोपियों पर धारा 285 के तहत हुई कार्रवाई

सड़क पर ट्रेलर खड़ा कर आवागमन बाधित करने वाले चालकों पर गिरी गाज



वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्योहार सीजन के दौरान आम नागरिकों के सुगम आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कोरबा पुलिस द्वारा सड़क पर अनावश्यक रूप से ट्रेलर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में 15 एवं 16 अक्टूबर को कुल 7 ट्रेलर वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चौकी मानिकपुर द्वारा अमरैया पारा-मुड़ापार बाईपास रोड क्षेत्र में तथा थाना कोतवाली द्वारा रातखार बाईपास क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए संबंधित ट्रेलर वाहनों को जप्त किया गया। सड़क पर ट्रेलर वाहन खड़ा कर आम आवागमन में बाधा उत्पन्न करने एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि त्योहारों के दौरान आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिन ट्रेलर वाहनों पर कार्यवाही की गई है उनमें ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 7284, सीजी 12 एयू 7204, सीजी 12 बीजी 7282, सीजी 12 एयू 2488, सीजी 12 बीएच 1674, सीजी 12 बीजे 0640 एवं सीजी 12 बीजी 7113 शामिल है। वहीं पकड़े गए आरोपियों में रामपुर पसान निवासी बलि राम कोर्राम उम्र 23 साल पिता जगन्नाथ कोर्राम, खरौदी थाना कोन उत्तरप्रदेश निवासी रामप्रवेश पासवान उम्र 41 साल पिता शिवसागर पासवान, लालपुर बांगो निवासी गुलाब सिंह गोंड उम्र 26 साल पिता बुधराम गोंड, लाटागांव मैहर, थाना बघेरा मप्र निवासी पहलाद यादव उम्र 44 साल पिता चौबे लाल यादव, गनियारीकला, थाना धुरकी, जिला गढ़वा झारखंड निवासी रघुनाथ सिंह उम्र 27 साल पिता लालमनि सिंह, माचाडोली निवासी निवासी गीता प्रसाद यादव उम्र 27 साल पिता होलास यादव एवं राजकुमार विश्वकर्मा उम्र 22 साल पिता गणेश विश्वकर्मा शामिल है।

बाल संप्रेक्षण गृह से फिर फरार हुआ अपचारी बालक, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कोहड़िया स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से एक अपचारी बालक के फरार होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी के मामले में 27 सितंबर को संप्रेक्षण गृह भेजा गया बालक शुक्रवार की सुबह कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकला।

खास बात

- गणना के दौरान मिली जानकारी, चोरी के मामले में भेजा गया था गृह

बालको की नियमित गणना के दौरान उसके गायब होने का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने पोड़ीबहार क्षेत्र में रहने वाले अपचारी बालक के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद उसे 27 सितंबर को कोहड़िया स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल कराया गया था। वह करीब 20 दिन से यहां रह रहा था। बताया गया कि शुक्रवार सुबह रोजाना की तरह संप्रेक्षण गृह का मुख्य द्वार खोला गया था। मुख्य द्वार पर लगे चैनल गेट को बंद कर जवान और कर्मचारी अपने काम में व्यस्त हो गए। इसी दौरान अपचारी बालक ने कथित तौर पर चैनल गेट खोलकर परिसर से बाहर निकलने में सफलता हासिल कर ली। उसकी फरारी की जानकारी बालको की गणना के दौरान सामने आई, जिसके बाद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की। बाद में सीएसईबी पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी गई। पुलिस अब अपचारी बालक का पता लगाने में जुटी है।

पहले भी हो चुकी हैं फरारी की घटनाएं

बाल संप्रेक्षण गृह से अपचारी बालकों के भागने की यह पहली घटना नहीं बताई जा रही है। पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आखिर नियमित निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच बालक परिसर से बाहर निकलने में कैसे सफल हो रहे हैं, यह जांच का विषय है।

सर्वमंगला मंदिर परिसर में निकला कोबरा, श्रद्धालुओं में मचा हड़कंप

कोरबा। मां सर्वमंगला मंदिर परिसर में नवरात्रि के दौरान उस समय लोगों का ध्यान नाग (कोबरा) की ओर आकर्षित हो गया, जब मंदिर में भंडारे के लिए निर्धारित स्थान के पास अचानक सांप दिखाई दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच कोबरा नजर आने से मौके पर कौतूहल का माहौल बन गया। कुछ श्रद्धालु इस घटना को धार्मिक आस्था से जोड़कर देखने लगे, वहीं वन्यजीव की मौजूदगी को देखते हुए लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया। जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में भंडारे वाली जगह के पास कोबरा दिखाई देने के बाद आसपास मौजूद लोगों की नजर उस पर पड़ी। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग और आरसीआरएस की टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आरसीआरएस के सदस्य मानस और अतुल मौके पर पहुंचे। टीम ने कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

हर साल होगी कोयला कर्मचारियों की मेडिकल जांच, लेबर कोड के तहत बदलाव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल समेत कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों की खदानों में कार्यरत कोयला कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बदलाव की तैयारी की जा रही है। खदानों में ब्लास्टिंग के दौरान उड़ने वाली कोयले की धूल के बीच काम करने वाले कर्मचारियों की अब हर पांच साल के बजाय प्रतिवर्ष मेडिकल जांच कराने का प्रस्ताव है। इससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करने और कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है।

वर्तमान व्यवस्था के तहत कोयला कर्मियों की प्रत्येक पांच साल में चिकित्सा जांच का प्रावधान है। अब प्रस्तावित लेबर कोड के संभावित क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए कोल इंडिया प्रबंधन स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। प्रबंधन ने प्रस्तावित प्रावधानों को प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा है। प्रस्तावित व्यवस्था में महिला कर्मचारियों की मेडिकल जांच महिला चिकित्सक अथवा महिला परिचारिका की मौजूदगी में कराने का प्रावधान भी शामिल है। इसके अलावा बचाव दल के प्रशिक्षित कर्मचारियों को भी सालाना मेडिकल जांच की सुविधा देने का प्रस्ताव है। कर्मचारियों के स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के लिए सीआईएल डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य अभिलेख और व्यावसायिक स्वास्थ्य निगरानी को डिजिटल स्वरूप दिया जाएगा। प्रस्तावित श्रम व्यवस्था में दैनिक कार्यावधि आठ घंटे और साप्ताहिक अधिकतम कार्यावधि 48 घंटे रखने की बात कही गई है। इसके तहत सप्ताह में अधिकतम छह दिन काम लेने का प्रावधान प्रस्तावित है। वहीं, ओवरटाइम की अधिकतम सीमा एक तिमाही में 144 घंटे निर्धारित करने का प्रस्ताव है। सालाना छुट्टी की पात्रता के नियमों में भी बदलाव प्रस्तावित है। वर्तमान व्यवस्था में भूमिगत खदानों के कर्मचारियों के लिए 190 दिन और अन्य कर्मचारियों के लिए 240 दिन की उपस्थिति के आधार पर पात्रता निर्धारित होती है। नई व्यवस्था में दोनों श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए 180 दिन की उपस्थिति को आधार बनाने का प्रस्ताव है।

प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने पर एसईसीएल समेत कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों की स्वास्थ्य निगरानी को मजबूती मिल सकती है। हालांकि, सालाना मेडिकल जांच सहित अन्य प्रस्तावित प्रावधानों के अंतिम क्रियान्वयन की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही इन्हें लागू व्यवस्था माना जा सकेगा।

सभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एस्तर्व मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
15 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411


बढ़ता कोरबा संवरता कोरबा
कोरबा शहर के प्रमुख मार्गों के सड़क डामरीकरण कार्यों का भूमिपूजन

क्र.	विवरण	लागत मूल्य
1.	सुनालिया ब्रिज से पावर हाउस रोड फाटक अंडर ब्रिज रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य	112.55 लाख
2.	पावर हाउस रोड फाटक से पुराना बस स्टैंड अंडर ब्रिज रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य	156.90 लाख
3.	जैन चौक से घंटाघर चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य	125 लाख
4.	घंटाघर चौक से कोसाबाडी चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य	199 लाख
5.	वार्ड क्रमांक 66 सुराकछार बस्ती में पीतांबर तंवर घर के पास से बलगी खदान मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य	25 लाख
6.	वार्ड क्रमांक 55 मेन रोड सेमीपाली चौक से पीपल चौक होते हुए सलियाभाठा सड़क की ओर सड़क डामरीकरण कार्य	20 लाख
7.	सुनालिया ब्रिज स्टेशन रोड नहर पास से तुलसी मार्ग गली एवं मुरारका गली होते हुए सीतामढ़ी मुख्य मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य	87.75 लाख
8.	डीडीएम रोड से लालूराम कॉलोनी होते हुए मेन रोड से बस स्टैंड तक सड़क डामरीकरण कार्य	163.73 लाख
9.	सुनालिया ब्रिज से तुलसी नगर बायपास रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य	198.54 लाख
10.	सुभाष चौक से सब स्टेशन तक सड़क डामरीकरण कार्य	97.80 लाख
11.	वार्ड क्रमांक 24 नेहरू नगर में सड़क डामरीकरण कार्य	55 लाख
12.	वार्ड क्रमांक 32 पोड़ीबहार चर्च से लक्की बिग बास्केट मोड तक सड़क डामरीकरण कार्य	165.10 लाख
13.	कलेक्ट्रट एटीएम से बैगिनडभार आंगनबाड़ी तक सड़क डामरीकरण कार्य	66. 18 लाख
14.	वार्ड क्रमांक 58 अंतर्गत सरदार पटेल नगर के आवासीय क्षेत्र में सड़क डामरीकरण कार्य	150 लाख
15.	वार्ड क्रमांक 58 अंतर्गत सरदार पटेल नगर के व्यावसायिक क्षेत्र में सड़क डामरीकरण कार्य	145 लाख
16.	वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत लालघाट बालको में चेक पोस्ट से रिस्दा चौक तक बीटी रोड का निर्माण कार्य	120 लाख
17.	वार्ड क्रमांक 39 एवं 40 अंतर्गत रिस्दा चौक से गायत्री मंदिर तक बीटी रोड का निर्माण कार्य	180 लाख
18.	वार्ड क्रमांक 64 अंतर्गत प्रेम नगर मुख्य मार्ग से कपाटमुड़ा डिपरापारा बस्ती तक सड़क डामरीकरण सड़क का सुदृढी करण व मरम्मत कार्य	138.07 लाख
19.	सीएसईबी चौक से टीपी नगर चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य	180 लाख
	कुल	2385. 62 लाख

दिनांक : 18 अक्टूबर 2026 रविवार समय : दोपहर 02 बजे से... | स्थान : कोसाबाड़ी चौक, कोरबा
भूमि पूजन कार्यक्रम में आप सभी जन प्रतिनिधिगण,
भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी
एवं समस्त कार्यकर्तागण व सम्माननीय क्षेत्र के
भाइयों एवं बहनें सादर आमंत्रित हैं...
लखन लाल देवांगन
वाणिज्य एवं उद्योग वाणिज्यिक कर (आबकारी),
श्रम मंत्री (छ.ग. शासन)
विधायक - कोरबा विधानसभा